Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 जुलाई, 2023

OPEC में शामिल होने हेतु चार नए देशों के साथ वार्ता

हाल ही में पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के महासचिव ने बताया कि संगठन में शामिल होने के लिये चार नए देशों **अज़रबैजान, मलेशिया, ब्रुनेई और मैक्सिको** के साथ चर्चा चल रही है। OPEC की स्थापना वर्ष 1960 में संस्थापक सदस्यों **ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला** के साथ हुई थी जिसमें अब **13 सदस्य देश** शामिल हैं। OPEC विश्व भर में लगभग 30% कच्चे तेल का उत्पादन करता है तथा इसके सदस्यों का वैश्विक पेट्रोलियम व्यापार में लगभग 60% हिस्सा है। वर्ष 2016 में OPEC ने अपने संगठन का विस्तार करने के लिये 10 प्रमुख तेल उत्पादक देशों को शामिल कर **OPEC+** का गठन किया था। OPEC+ में **अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाखस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान और सूडान** के साथ **13 OPEC सदस्य देश** शामिल हैं। इसका उद्देश्य **पेट्रोलियम नीतियों का समन्वय एवं एकीकरण करना, तेल बाज़ार को स्थिर करना, उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करना,** उत्पादकों को **विश्वसनीय आय प्रदान करना** तथा पेट्रोलियम उद्योग में निवेश पर उचित रिटर्न प्रदान करना है। OPEC का मुख्यालय **ऑस्ट्रिया के वियना** में है।



//

और पढ़ें... पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC)

बचपन में मधुमेह और मृत्यु के मामले में भारत वैश्विक चार्ट में शीर्ष पर

JAMA नेटवर्क जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन से पता चला है कि **भारत में** वर्ष 2019 **में वैश्विक स्तर पर बचपन में मधुमेह के मामलों और मृत्यु की सबसे अधिक संख्या देखी गई।** अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन **के अनुसार,** भारत में **विकलांगता-समायोजित जीवन वर्ष (Disability-Adjusted Life Years- DALYs)** भी सबसे अधिक है, जो पूर्ण स्वास्थ्य के एक वर्ष के नुकसान को दर्शाता है। वर्ष 1990 के बाद से बचपन में मधुमेह के मामलों में 39.4% की वृद्धि हुई है, वर्ष 2019 में 2,27,580 मामले और 5,390 मौतें दर्ज की गईं। बच्चों में टाइप 2 मधुमेह बढ़ रहा है और यह खराब **जीवनशैली, वैश्विक स्तर पर बच्चों के मोटापे तथा माता-पिता के मधुमेह के इतिहास से जुड़ा है।** बचपन में मधुमेह एक ऐसी स्थिति है **जहाँ बच्चे का शरीर इंसुलिन का उत्पादन या उपयोग ठीक से नहीं** कर पाता है। इंसुलिन एक हार्मोन है जो ऊर्जा के लिये रक्त से शर्करा

को कोशिकाओं में ले जाने में सहायता करता है। बचपन में मधुमेह के दो मुख्य प्रकार हैं: **टाइप 1 और टाइप 2**।

और पढ़ें... टाइप 1 मधुमेह, टाइप 2 मधुमेह के लिये नया इंजेक्शन

जमिक्स 23

द्विपक्षीय जापान-भारत समुद्री अभ्यास 2023 (JIMEX 23) का सातवाँ संस्करण 5 से 10 जुलाई, 2023 तक आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित हो रहा है। जमिक्स 23 जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JMSDF) और भारतीय नौसेना की इकाइयों को एक साथ लाता है। इस अभ्यास में विभिन्न नौसैनिक संपत्तियों जैसे- **निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, कार्वेट, पनडुब्बी, समुद्री गश्ती विमान एवं हेलीकॉप्टर** की भागीदारी शामिल है।

और पढ़ें... जापान-भारत समुद्री अभ्यास, सामुद्रिक सुरक्षा

DGCA इंडिया और EASA संयुक्त रूप से मानवरहित विमानन प्रणाली का विकास करेंगे

भारतीय नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) और **यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी** (EASA) ने मानव रहित विमान प्रणालियों तथा नवाचारी वायु परिवहन प्रणालियों पर केंद्रित एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौता ज्ञापन में **कर्मियों के लिये लाइसेंसिंग, प्रशिक्षण, हवाई यातायात प्रबंधन, बुनियादी ढाँचा और मानव रहित विमान प्रणाली यातायात प्रबंधन (UTM) मानकों एवं सेवाओं की स्थापना** करना शामिल है।

और पढ़ें... नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, मानव रहित विमान प्रणाली

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-06-july-2023